Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 30-06-2022 अंक 270

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## बरही प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख एवं उप प्रमुख कार्यालय का हुआ उद्घाटन

### बरही के विकास के लिए हमेशा प्रयासरत रहूंगा : मनोज रजक









**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बुधवार को बरही प्रखंड कार्यालय परिसर में अवस्थित प्रखंड प्रमुख एवं उपप्रमुख के कार्यालय का समारोहपूर्वक उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, बीडीओ सी आर इंदवार, समाजसेवी मो कयूम एवं विनोद विश्वकर्मा में संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं जेएसएलपीएस की महिलाओं ने प्रमुख, उपप्रमुख एवं बीडीओ को चंदन का टीका लगाकर उनका स्वागत की। उसके बाद समाजसेवी मो कयूम, विनोद विश्वकर्मा, सिकंदर राणा, मनोहर यादव एवं नव निर्वाचित पंचायत सदस्यों ने प्रमुख एवं उपप्रमुख को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में मौजूद समाजसेवी मो कयूम ने प्रखंड के सभी नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों से अपील किया की आप सभी एक साथ मिलकर काम करे और आपस में कभी द्वेष का भावना नही आने दे। बरही के विकास के लिए आप सभी को एक साथ आना अतिआवश्यक है। प्रमुख मनोज रजक ने सभी को संबोधित करते हुए कहा की वे सभी सभी जन प्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के सहयोग से प्रखंड में विकास का कार्य करेंगे। और जिस उम्मीद से जनता ने मुझे चुना है उन सभी के उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयासरत रहूंगा। वहीं कार्यक्रम में स्थित बरही बी डीओ सी आर इंदवार ने प्रमुख और उपप्रमुख को बधाई देते हुए कहा की इस बार चुनकर आए सभी जनप्रतिनिधि यंग है। सभी के अंदर काम करने का जुनून है। अगर आप सभी का साथ रहा तो बरही अवश्य विकास की और अग्रसर होगा। मौके पर बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी सी आर इंदवार, सीडीपीओ नीलू कुमारी, बरही पूर्वी के पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, विनोद विश्वकर्मा, बेंदगी मुखिया सिकन्दर राणा, समाजसेवी रमेश ठाकुर, मो रुस्तम अली, रंजीत पांडेय, दशरथ यादव, जितेंद्र गिरी, मनोहर यादव, बिना उरांव, बंधन यादव, डोमन पांडेय, प्रभु राम सहित जेएसएलपीएस की दर्जनों महिला मौजूद थी।

## राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के जागरुकता को लेकर प्रखंड के मुखिया एवं उपमुखिया के साथ बैठक संपन्न





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सी आर इंदवार के अध्यक्षता में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के जागरूकता को लेकर मुखिया और उपमुखिया के साथ बैठक किया गया। इस कार्यक्रम में बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी एवं कुष्ठ रोग पदाधिकारी डॉ रंजन कुमार मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य देश को टीबी, एनीमिया और कुष्ठ से मुक्त बनाना है। वहीं लोगो को जागरूक करने के लिए 1 जुलाई से लेकर 14 जुलाई तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित डॉप्रकाश ज्ञानी ने कुष्ठ के लक्षण बताते हुए कहा की सामान्य त्वचा की तुलना में हल्का रंग का लाल, अथवा तांबे के रंग का दाग, जिनको छूने पर कुछ महसूस नहीं होता। एक से अधिक का दाग होना, लाल रंग के उभरे हुए दाग, त्वचा में गांठ होना आदि कुष्ठ के लक्षण है। बीडीओ ने बताया की सभी सहिया को घर घर जाकर हर एक व्यक्ति का शारीरिक जांच करना है। साथ ही अगर किन्ही व्यक्ति को कुष्ठ रोगी है और उनका उपचार समय पर नहीं करवाया गया तो तो वैसे व्यक्ति को विकलांग होने की संभावना बढ़ जाती है। जिसको लेकर उन्होंने पंचायत के सभी मुखिया और उप मुखिया से अपील किया की इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना भागीदारी अवश्य निभाए और लोगो को जागरूक करे। मौके पर बीडीओ सी आर इंदवार, डी एस डॉ प्रकाश ज्ञानी, कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ रंजन कुमार, सीडीपीओ नीलू कुमारी, राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, मंगलदेव यादव, खिरोधर यादव, मुकेश राम, उषा राम, सुनीता कुमारी, अनीता देवी, सुमिया देवी, मूर्ति देवी, रंजीता कुमारी, शमशेर आलम, मनोज कुमार उपाध्याय, मनोज कुमार यादव, बालेश्वर यादव एवं रोहित यादव मुख्य रूप से मौजूद थे।

## भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरियाकर्मा के ओएसडी से मिली गौरियाकर्मा मुखिया कुमारी मीरा

### बजदूर डैम एव पंचायत के किसानों के विकास के लिए हुई चर्चा

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



ओएसडी को मांग पत्र सौपते मुखिया कुमारी मीरा

नव निर्वाचित गौरियाकर्मा पंचायत के मुखिया कुमारी मीरा ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरिया कर्मा के ओएसडी डॉ विजय पांडेय से मिली और गौरिया कर्मा पंचायत के विकास पर गहन चर्चा की। मुखिया कुमारी मीरा ने ओएसडी से भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने गौरियकर्मा में स्थित बहादुर डैम के बाबत एक मांग पत्र ओएसडी को सौपा । जिसके माध्यम से बताया कि बहादुर डैम गौरिया कर्मा का पुराना जलाशय है। जहां छठ पूजा एव दशकर्मा सहित अन्य दैनिक कार्य किया जाता है। उसे ग्रामीणों के हित मे ग्रामीणों के उपयोग के लिए स्वतंत्र छोड़ दिया जाय। ताकि उनकी परंपरागत आस्था प्रभावित नही हो। ओएसडी श्री पांडेय ने बताया गौरिया कर्मा भारतीय कृषि संस्थान के माध्यम से स्थानीय किसानों को प्रशिक्षित किया गया। साथ ही उन्नत नश्ल के बीज भी उपलब्ध कराया जाएगा। गौरिया कर्मा पंचायत के विकास के लिए यथा संभव सहयोग किया जाएगा। मुखिया कुमारी मीरा ने बताया कि ओएसडी से स्थानीय लोगों को नौकरी देने, अपने पंचायत के विकास के लिए कृषि सुविधाएं मुहैया कराने सहित अन्य मुद्दों पर भी सकारात्मक वार्ता हुई। मुखिया ने ओएसडी को श०ल देकर स्वागत भी किया। मौके पर समाजसेवी दुलार यादव एवं परमेश्वर यादव मौजूद रहे।

## कांग्रेस कार्यालय बरही में ओबीसी मोर्चा की बैठक, जिला अध्यक्ष सुरजीत नाग वाला हुए शामिल

### पदमा प्रखंड कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष बने संतोष यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बैठक में शामिल ओबीसी मोर्चा के लोग

प्रखंड कांग्रेस कार्यालय बरही में कांग्रेस ओबीसी मोर्चा का एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बरही प्रखंड कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील कुमार साहू व संचालन कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह ने किया।बैठक में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुरजीत नाग वाला शामिल हुए। उन्होंने सबसे पहले पदमा प्रखंड कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद के लिए संतोष कुमार यादव के नाम की घोषणा करते हुए उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा ओबीसी संगठन को मजबूत करना हमारी पहली प्राथमिकता है। नाग वाला ने आगे कहा सरकारी जमीन एवं जलीय स्रोत का अतिक्रमण के विरोध में आगामी 11 जुलाई दिन सोमवार से जिला मुख्यालय पर कांग्रेस ओबीसी मोर्चा अनिश्चितक. ालीन भूख हड़ताल पर बै. ठेगी। प्रखंड अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा आगामी एक सप्ताह के भीतर प्रखंड कांग्रेस ओबीसी मोर्चा का विस्तार कर लिया जाएगा। जिला सचिव दीपक गुप्ता ने कहा बहुत जल्द ही विधानसभा स्तरीय ओबीसी मोर्चा का भव्य कार्यक्रम किया जाएगा। कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह ने कहा बरही विधानसभा में कांग्रेस पार्टी का स्वर्णिम इतिहास रहा है जिसे कभी धूमिल नहीं होने दिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सुरजीत नाग वाला जिला सचिव दीपक गुप्ता विधानसभा युवा अध्यक्ष मनोहर यादव, प्रखंड ओबीसी अध्यक्ष सुनील साहू, कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह, पदमा प्रखंड ओबीसी अध्यक्ष संतोष यादव ,पप्पू ठाकुर, फिरदोस खान ,उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह , सुनील चंद्रवंशी, राजकुमार दास ,प्रयाग प्रसाद ,इमरान खान, संतोष कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा नेता संजीव कतारियार बने दूरसंचार परामर्श दात्री समिति के सदस्य, बधाइयों का तांता

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



संजीव कतारियार

बरही निवासी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कतारियार को दूरसंचार परामर्श दात्री समिति के सदस्य बनाया गया है। दूरसंचार परामर्श दात्री समिति के सदस्य बनने पर उन्होंने सांसद हजारीबाग सह वित्त समिति के अध्यक्ष जयंत सिन्हा जी के प्रति आभार प्रकट किया है।उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी दायित्व मिलने से हम सांसद को साधुवाद देना चाहता हैं। दूरसंचार परामर्श दात्री समिति के सदस्य बनाए जाने पर बधाई देने वाले में वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, मंडल अध्यक्ष अमित साहू ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, बरही सांसद विधानसभा प्रतिनिधि अर्जुन साहू , सांसद प्रति. निधि गणेश यादव, पूर्वी मंडल अध्यक्ष बंधन यादव ,पूर्वी महामंत्री कमल शंकर पंडित, डोमन पांडेय, पश्चिमी महामंत्री प्रमोद सिंह ,तपेश्वर साहू, संजय सिन्हा, उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, दिलीप गुप्ता, धमना मुखिया गोविंद साहू, मोती सिंह ,पप्पू चंद्रवंशी ,प्रदुमन सिंह, मुखिया मोती लाल चौधरी ,युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित सिंह ,संतोष निषाद, लक्ष्मी सिंह, उपेंद्र सिंह, रविंदर सिंह, हिमाली चौधरी आदि लोग शामिल हैं।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 30-06-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 02

## आकाशीय बिजली चमकने से महिला गंभीर, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत बेंदगी पंचायत की शंकुवा देवी उम्र 45 वर्ष पति नान्हू रविदास आकाशीय बिजली चमकने से गंभीर हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला पानी लाने चापाकल पर गई थी लेकिन बिजली के चमकने से महिला बेहोश हो गई। आनन फानन में उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## बलगो पंचायत में विधवा वृद्धा व विकलांग पेंशन का लगा कैंप

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी थाना क्षेत्र के बलगो पंचायत के खुरजिओ,सलेडीह,चिरुडीह,बलगो,पूर्वी बलगो,पहरियाडीह और दतलगा गांव में कैम्प लगा गया। बलगो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दीपक कुमार दास के नेतृत्व में वृद्धा विधवा व विकलांग पेंशन का कैंप लगाया गया। जिसमें काफी संख्या में वृद्धा विधवा व विकलांग लाभार्थी शामिल हुए व अपना अपना फॉर्म कैंप में जमा किए। इस कैंप में ग्राम रोजगार सेवक मुरलीधर वर्मा बीएलओ मधु वर्मा व सुनीता दास बलगो पंचायत के उप मुखिया प्रतिनिधि मुस्तकीम अंसारी वार्ड सदस्य सुनीता देवी चंदवा देवी ग्रामीण अर्जुन मंडल टिंकू पंडित अनिल पंडित राजकुमार वर्मा रामविलास वर्मा मनोज वर्मा सत देवदास उपस्थित रहे। उप मुखिया प्रतिनिधि मुस्तकीम अंसारी ने कहा कि हम लोगों के द्वारा भरपूर प्रयास किया गया कि कोई भी लाभार्थी सर्वजना पेंशन योजना से वंचित नहीं रहे। सभी लाभार्थी को लाभ मिले।

## घर के बाहर खेल रही बच्ची को सांप ने डंसा

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



प्रखंड के भेलवारा निवासी धनेश्वर रजवार की आठ वर्षीय बच्ची चांदनी कुमारी को रसेल वाइपर सांप ने डंस लिया। बताया जाता है कि वह घर के बाहर खेल रही थी। इसी बीच खेत की ओर से निकले सांप ने पैर में डंस लिया। हो–हल्ला होने पर मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो समेत अन्य लोग दौड़े और बच्ची को परिजनों संग तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने बच्ची का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, हजारीबाग रेफर कर दिया।

## डोंडागडा गांव में आसाढ़ी पूजा का हुआ आयोजन

### गांव की सुख समृद्धिऔर अच्छी फसल उत्पादन के लिए लोगो ने मांगा दुआ

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : प्रखण्ड के जमरी बक्सपुरा पंचायत के डोंडागड़ा गांव के देवी मंडप में बुधवार को गांव के सुख समृद्धि और अच्छी फसल उत्पादन को लेकर आसाढ़ी पूजा का आयोजन किया गया।पूजा में ग्रामीणों ने प्रसाद वितरण किया वही गांव के भगत और पाहन ने गांवादेती और मां भग. वती की आराधना किया।गांव के पाहन ने कहा कि इस आसाढ़ी पूजा के करने से गांव में अच्छी धान की उत्पादन होती है।वहीं पूजा के बाद खस्सी की भी बलि दिया गया।मौके पर उदय सिंह,अजय राम,प्रकाश सिंह,महेंद्र सिंह,केदार सिंह,तापेश्वर सिंह, सुरेन्द्र सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## खूटवाटांड़ से बैजलाडीह सार्वजनिक मुख्य पथ को जेसीबी से समतल कर बन्द किया रास्ता, ग्रामीणों में आक्रोश

### घटना स्थल पहुंचकर ग्रामीणों ने जताया विरोध, सड़क ठीक करने की मांग


**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




विरोध जताते ग्रामीण

विजैया पंचायत अंतर्गत खूटवाटांड़ से बैजलाडीह तक मे सार्वजनिक मुख्य सड़क को कुछ लोगों ने जेसीबी मशीन लगाकर समतल कर दिया है। सड़क को घरबारी बना दिया है। जिसके कारण सड़क की अस्तित्व हो खत्म होता दिख रहा है। ज्ञात हो कि 2000 में विधायक विकास कोष से 20 फीट चौड़ा एव 2100 फीट लंबा सड़क बनाया गया था। लेकिन कुछ लोग सड़क को ही अतिक्रमण कर सड़क की चौड़ाई को संकरा कर दिया है। सड़क जर्जर हो गया है। इस वजह से पुनः वर्तमान मे आर ई ओ विभाग से सड़क बनाने की प्रक्रिया चल रही है। इधर इस तरह की हथकंडा से स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश है। जिस जगह पर जेसीबी लगाकर सड़क को अवरुद्ध किया गया है , वही स्थान पर समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में सैकड़ो लोग पहुंचकर विरोध जताया। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि कुछ लोग जान बूझ कर सार्वजिनक सड़क को अवरुद्ध कर ग्रामीणों को परेशान कर रहे हैं। इसकी शिकायत की जाएगी। इस मामले पर ग्रामीणों ने एसडीओ बरही एव विधायक उमाशंकर अकेला से सड़क अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है। विरोध करने वालो में राजेंद्र प्रसाद यादव, महेंद्र यादव, केशो महतो, लालधारी महतो, रामेश्वर यादव, किशुन यादव, राजेश यादव ,संदीप यादव , रीतलाल महतो, विद्यासागर प्रसाद यादव, सोना महतो ,मोहम्मद कलाम, अनीता देवी,सुगिया देवी ,सविता देवी, महावीर यादव, मनोज यादव, बद्री यादव सहित कई लोग शामिल हैं।









सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच झड़प, दो व्यक्ति घायल





**अपेम लाइव : डोमचांच**
**सुनिल रजक**

डोमचांच थाना क्षेत्र अन्तर्गत मसनोडीह के गाँव रामडीह में सुग्गी होटल के समीप जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच आज बुधवार को झड़प हो गया जिसमें दो लोग गंभीर रूप सें घायल एवं एक व्यक्ति को मामूली चोटे आई है। जिसमे उदय मेहता उम्र 38 वर्ष पिता प्रसादी मेहता गाँव रामडीह मसनोडीह निवासी घायल है। साथ ही वही का रहने वाला बैजू मेहता उम्र 32 वर्ष पिता मदन मेहता को मामूली चोटे आई है। जबकि दूसरे पक्ष के भी एक व्यक्ति के घायल होने की बात सामने आयी है। वही बताते चले की सभी घायलों का ईलाज डोमचांच रेफरल अस्पताल में चल रहा है। साथ ही दोनो पक्षों ने डोमचांच थाने में आवेदन देने की बात कही है।

## शिल्पी नेहा तिर्की के जीत पर कांग्रेसियों में हर्ष : प्रयाग प्रसाद

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी सहका. रिता विभाग बरही विधानसभा सचिव प्रयाग प्रसाद ने महागठबंधन प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की ने कीर्तिमान स्थापित किया है। भारी मतों से विजय होकर उन्होंने साबित कर दिया है की जनता अब भाजपा सरकार से ऊब चुकी है। जनसमर्थन क०न्ग्रेस और महागठबंधन के साथ है। साथ ही साथ उन्होंने जीत की बधाई देते हुए कहा की कांग्रेस की जीत से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और शक्ति का संचार हुआ है। पिता बंधु तिर्की की सीट पर काबिज होकर बेटी ने अपना अलग स्थान बनाया है।

## बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने प्रखंड मुख्यालय का किया दौरा, दिए कई निर्देश

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**



बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने बुधवार को चंदवारा प्रखंड मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कई जन समस्याओं को लेकर बीडीओ संजय कुमार यादव से मिलकर समस्याओं का निदान करने को लेकर बातचीत किया। इस दौरान उन्होंने विधायक मद से लंबित योजनाओं को पूर्ण करने, सभी प्रकार के पेंशन आदि पर चर्चा करते हुए कहा कि समय पर सभी योजनाओं को संपन्न कराएं। इस दौरान प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सोना सोबरन धोती लूंगी साड़ी योजना के तहत सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को निर्देश दें कि माननीय विधायक के उप. स्थिति में ही धोती साड़ी लूंगी का वितरण करें। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव, अज्जू सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार बरनवाल, अशोक सिंह, दिलीप राणा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## ग्रीन कोडरमा-क्लीन कोडरमा बनाने के लिये अधिक से अधिक लगाएं पौधा - उपायुक्त

**अपेम लाइव कोडरमा**
**धीरज कुमार**





कोडरमा उपायुक्त आदित्य रंजन ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर उल्लेखनीय कार्य शुरू किया है। उन्होंने ग्रीन कोडरमा व क्लीन कोडरमा के तर्ज पर कोडरमा जिला को हरा-भरा और बेहतर पार्यावरण युक्त जगह बनाने हेतु सभी सरकारी संस्थानों जैसे कार्यालय, स्कूल, अस्पताल, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्रों और अन्य संभावित स्थानों, गांवों, सड़कों के किनारे, तालाबों और भवनों की साफ-सफाई करने और इस बरसात के मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाने का निर्देश दिया है। जिसको लेकर बुधवार से युद्ध स्तर पर कार्य भी शुरू हो गया है विभिन्न प्रखंडों में पौधा लगाने से संबंधित गड्ढे करना प्रारंभ कर दिया गया। उन्होंने बताया कि कोडरमा में पर्यावरण संरक्षण तथा कोडरमा को हरा-भरा करने की दिशा में पहल शुरू की गई है। उन्होंने आम लोगों से भी अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील करते हुए कहा कि जितने अधिक वृक्ष लगेंगे पर्यावरण उतना ही सुरक्षित रहेगा।

APEM
LIVE

## मामला :- बिरहोर परिवार को बरियौन गाँव के खाता नम्बर 41 प्लॅाट न 300 में मिले जमीन का बंदरबाट,

## वन भूमि पर भू-माफियाओ का चल रहा अतिक्रमण का खेल,

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बरियौन में बिरहोरों की भूमि को भूमाफियाओं द्वारा अतिक्रमण जारी है। इस पर न तो स्थानीय प्रशासन का ध्यान है, और न ही जिला प्रशाशन व वन विभाग का। बताते चलें कि प्रखण्ड के बरियौन गांव के खाता नम्बर 41 प्लॅाट नम्बर 300 में प्रति विरहोरो को 10- 10 डिसमिल भूमि सरकार के द्वारा आवंटित की गई थी। परंतु आज तक उन वि. रहोरो को नसीब नही हुवा। भूमाफियाओं ने उन अदिम जनजाति विरहोरो को बहला फुसला कर उनको हक लेने से वंचित कर देते हैं। एक ओर सरकार द्वारा विलुप्त प्रायः के कगार पर अदिम. जनजाति के लोगो के लिए हर सुविद्या उपलब्ध करवाने की कोशिश किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर सरकार द्वारा दी गयी भूमि को वन विभाग की लापरवाही और पदाधिकारियों बिचौलियों की मिलीभगत से उनकी जमीन को हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कई बार जिले के उपायुक्त और वन विभाग को लिखित सूचना दी गई है। परंतु आज तक इसे दरकिनार कर दिया गया। दुर्भाग्य इस बात की है, कि उनके जमीनों पर भू माफियाओं द्वारा धड़ल्ले से कंस्ट्रक्शन का काम किया जाता रहा है। विवश और लाचार बिरहोर भू माफियाओं को बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं। यहां तक कि भूमाफियाओं ने अधिकारियों के मिली भगत से फर्जी कागजात बना कर जमीन को हड़पने में सफल हो चुके हैं। यहां तक कि उक्त भूमि पर निजी स्कूल का भवन व कई दुकान भी बना लिया गया है। यदि वन विभाग व जिला प्रशासन इस ओर ध्यान नही देती है। तो उक्त खाता प्ल०ट का 20 एकड़ 65 डिसमिल वन भूमि की जमीन पर अवैध कब्जा होने से कोई बचा नही सकता है। सोचने वाली बात यह है कि पश्चिम वन प्रमंडल पदाधिकारी के आदेश पर उपरोक्त जमीन का वंरक्षी संतोष कुमार के उपस्थिति में दो बार मापी भी करवाया गया लेकिन उस प्ल०ट पर ट्रेंच काटकर चिन्हित नहीं किया जा रहा है। जिससे यह साफ साफ संकेत होता है कि भू माफियाओं एवं वन विभाग के अधिकारी के मिलीभगत से ही धल्ले से अतिक्रमण किया जा रहा है।

## भारत जकात माझी परगना महल बरकट्टा के द्वारा हूल दिवस पर सेमिनार का आयोजन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्टा प्रतिनिधि : भारत जकात माझी परगना महल के द्वारा सूर्यकुंड धाम मे हूल दिवस सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामजी बेसरा व संचालन मनोज मुर्मू ने कहा कि जिस दिन झारखंड के आदिवासियों ने अंग्रेजो के खिलाफ हथियार उठाया यानि विद्रोह किया था। उस दिन से हूल क्रांति दिवस मनाया जाता है।जिसमे सभी आदिवासी समाज एक जुट हो कर सिद्धू -कान्हू, चांद भैरो के फोटो पर माला अर्पण किया।शिक्षा प्रसार अशोक कुमार पाल ने कहा कि सिद्धू, कान्हू, चांद, भैरव अंग्रेजों के खिलाफ बगावत का बिगुल बजा दिया था।थाना प्रभारी राधा कुमारी ने कहा कि सांथल हूल विद्रोह 1855 मे ही विद्रोह का झंडा बुलंद कर दिया था30जून 1855को सिद्धू -कान्हू इस मौके पर सिद्धू ने नारा दिया था, करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो। इस तरह सिद्धू, कान्हू, चांद और भैरव चारों भाईयों भारतीय इतिहास में सदा के लिए अमर शहीद हो गए। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा, प्रखंड सचिव मनोज मुर्मू,जीप सदस्य प्रतिनिधि सीके पाण्डेय, थाना प्रभारी राधा कुमारी,शिक्षा प्रसार अशोक कुमार पाल,गोरहर मुखिया प्रेमिका कुमारी, उपमुखिया शिला कुमारी,दिनेश बास्के, नरेश बास्के, रामकुमार मुर्मू, बाबूलाल मुर्मू, मोतीलाल हंसदा, हरिलाल मांझी, चुनूलाल मांझी आदि उपस्थित थे।

## बकरी चराकर लौट रहे युवक की वज्रपात से मौत

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



खेत की ओर से बकरी चराकर घर लौट रहे युवक की वज्रपात से गुरुवार को मौत हो गई। घटना प्रखंड के अचलजामो गांव की है। बताया जाता है युवक संजय प्रसाद सोनी (43) पिता चौधरी साव सोनार गुरुवार को दोपहर दो बजे अपने बकरियों को चराने के लिए घर से थोड़ी दूर कानी बाजार के नीचे खेत की ओर गए थे। इस बीच चार बजे अचानक मौसम बदल गया और बारिश की संभावना बन गई। बारिश से बचने के मद्देनजर युवक अपनी बकरियों को लेकर घर खेत की मेढ़ से होकर लौट रहा था। इसी दौरान अचानक वज्रपात होने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वज्रपात से उसके एक बकरी की भी मौके पर मौत हो गई। हो-हल्ला होने पर आसपास के लोग जुटे और विष्णुगढ़ साम. दायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इधर, उसी गांव में वज्रपात से महेश साव सोनार को भी हल्की चोटें आई है, हालांकि उनकी स्थिति सामान्य है।

APEM
LIVE

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## गावां प्रखण्ड मुखिया संघ का पुनर्गठन, कन्हाय राम बने अध्यक्ष और सचिव बना चंदन यादव

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड के सभी नवनिर्वाचित मुखियाओं ने बुधवार को गावां पंचायत मुख्यालय में बैठक कर संघ का पुनर्गठन किया। बैठक में सर्वसम्मति से गावां पंचायत के मुखिया कन्हाय राम को संघ का अध्यक्ष बनाया गया जबकि सचिव के लिए बिरने पंचायत के मुखिया चंदन यादव को चुना गया। वहीं कोषाध्यक्ष पड़ के पिहरा पश्चमी पंचायत के मुखिया अमित कुमार को चयनित किया गया। गावां पंचायत के मुखिया सह नवनिर्वाचित मुखिया संघ के अध्यक्ष कन्हाय राम ने कहा कि जिस तरह सभी 17 पंचायत के मुखिया गणों ने मुझपर भरोसा कर अध्यक्ष के चुना है, मैं उनके भरोसे पर हमेशा खरा उतरने का प्रयास करूंगा। सभी पंचायत के मुखिया गणों के सुख दुख में हमेशा साथ निभाने का काम करूंगा और मिलजुल कर गावां प्रखण्ड के सभी पंचायतों का सर्वांगीण विकास करने का प्रयास करूंगा। मौके पर गावां प्रखण्ड के सभी पंचायतों के मुख्या उपस्थित थे।

## बिरनी : पुराना कुवा में मिला युवक का शव। जाँच में जुटी पुलिस





**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**
**मुमताज अन्सारी**

बिरनी थाना क्षेत्र के पड. रमनिया पंचायत के अंतर्गत करमटाँड़ में मंगलवार देर रात चोरी करने आए चोर ग्रामीण का शोर सुनकर भागने लगे भागने के दौरान दो चोर कुएं में गिर गए। एक चोर को ग्रामीणों ने देर रात कुएं से निकाल कर पुलिस को सौंप दिया। दूसरा चोर कुएं में ही डूबा रहा इस दौरान उसकी मौत हो गई मरने वाले की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तेलोडीह पंचायत के कोडवाडीह निवासी मुस्तकीम अंसारी पिता युसूफ अंसारी के रूप में की गई है। बताया जा रहा है की पुलिस के हत्थे चढ़े चोर ने पूछताछ में बताया कि उसका दूसरा साथी कुएं में गिरा है। पुलिस ने बुधवार की सुबह ग्रामीणों को इसकी सूचना दी इसके बाद कुएं से पानी निकाला गया इसमें कुएं से शव तैरता हुआ मिला। ग्रमीणों के सहयोग से शव का बाहर निकला। बिरनी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार बता दे कि चोर गांव में चोरी करने के लिए पहुंचे थे इसी दौरान एक व्यक्ति के दरवाजे पर खड़ी की गई। अ0टो दिखाई पड़ी चोरी उसे लेकर फरार होने की कोशिश कर रहे थे। वहां स्टार्ट नहीं होने के कारण अ0टो को धक्का देकर सड़क पर पहुंचाने के क्रम में गांव में एक व्यक्ति की नींद खुल गई। ग्रामीण ने शोर मचाना शुरू किया पकड़े जाने के डर से दो दो का समूह बनाकर अलग-अलग दिशा में भागने लगे इस दौरान गांव के बीच में बने हुए। कुएं में गिर गए पानी की आवाज आने के बाद ग्रामीण कुएं के पास पहुंचे एक चोर को उसी समय बाहर निकाला गया उसके बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। पकड़ा गया चोर अपने बारे में सही जानकारी नहीं दे रहा था लेकिन अपने साथी के बारे में सूचना दिया उसके बाद कुए से उसे निकाला जा सका मरने वाले व्यक्ति के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई ।। जब पडर्मनिया मुखिया प्रति. निधि बबलू मडल से जब घटना के सम्बंध में प्रतिक्रिया मंगा तो बोलने से परहेज किया।।उन्होंने कुछ बोलने से साफ इनकार कर दिया।

क्या कहते हैं थाना प्रभारी अमरजीत कुमार सिंह

बिरनीथाना प्रभारी अमरजीत सिंह ने कहा कि रात में दो चोर पडरमनिया के करमटाँड़ गांव में आया था। गांव के लोग जागने के बाद दोनों चोर भागने लगे भागने के क्रम में गांव के बीच में बने कुएं में गिर गए, गिरने के बाद ग्रामीण के सहयोग से रात को ही एक चोर को निक.ाला गया था वही दूसरा चोर की शव ग्रामीणों की सहयोग से बुधवार सुबह कुएं से निकला गया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हूं।




## भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न,





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

झारखण्ड प्रदेश कार्यालय राँची के निर्देशानुसार, जिलाध्यक्ष महादेव दुबे की अध्यक्षता एवं जिला प्रभारी अमित तिवारी की उपस्थिति में पचम्बा के हरिचक स्थित जिला कार्यालय में जिला कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न हुई।

विधिवत दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक की शुरुआत करते हुए पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ नेतागण, वर्तमान विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जनप्रतिनिधिगण, प्रदेश स्तरीय नेतागण एवं सभी मंच मोर्चा के जिलाध्यक्ष व महामंत्री, सभी मंडल के अध्यक्ष व महामंत्री को संबोधित करते हुए अपने अध्यक्षीय संबोधन में गिरिडीह भाजपा जिलाध्यक्ष महादेव दुबे जी ने कहा कि सांगठनिक तौर पर गिरिडीह जिला 34 मंडलों में बंटा है। हम सभी सशक्त और सुदृढ संगठन का निर्माण करने में सक्षम हैं। प्रदेश कार्यालय के निद.ेशानुसार, बहुत ही अल्प समय में सभी मंडलों में मंडल कार्यसमिति की बैठक होना सुनिश्चित करें तथा सभी बूथ के प्रभारी, सह प्रभारी, पंचायत के संयोजक, सह-संयोजक, पन्ना प्रमुख, शक्ति केंद्र के प्रभारी, सह-प्रभारी यथाशीघ्र शत-प्रतिशत गठन कर संगठन को सशक्त और सुदृढ बनाने में पार्टी का सहयोग करें। आगामी 12 जुलाई को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र भाई मोदी जी का देवघर की पावन धरती पर आगमन होने जा रहा है। प्रदेश कार्यालय के निर्देशानुसार, उक्त कार्यक्रम में गिरिडीह जिला के कम से कम 10000 कार्यकर्ता देवघर शिरकत करेंगे जिसकी तैयारी पर विशेष चर्चा करते हुए सभी जनप्रतिनिधियों एवं सक्षम जिला व प्रदेश के पदाधिक.ारियों से सुझाव भी लिए गये। साथ ही, बूथ स्तर के कार्यकर्ता से लेकर प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों से जिला कमिटी गिरिडीह ने सहयोग की अपेक्षा जताई है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित जनप्रति.निधियों को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर जिला कार्यालय में उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों द्वारा सम्मा.नित किया गया। आज के बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष श्री प्रणव वर्मा, जमुआ विधायक श्री केदार हाजरा, पूर्व सांसद रविन्द्र पाण्डेय जी, पूर्व विधायक नागेंद्र महतो जी, निर्भय शाहाबादी जी, गिरिडीह नगर के उप-महापौर श्री प्रकाश सेठ, छोटेलाल यादव जी, नुनूलाल मराण्डी, सुरेश साव, अशोक उपाध्याय, चुन्नू कांत, सुभाष चंद्र सिन्हा, संदीप डंगायच, विनीता कुमारी, विनय सिंह, दिनेश यादव, बाबुल प्रसाद गुप्ता, सोनू एजाज, शालिनी वैशखियार, यदुनंदन पाठक, सुनील अग्रवाल, महेन्द्र वर्मा, संजय सिंह, श्याम प्रसाद, सिकंदर हेम्ब्रम, सदानंद राम, नवीन सिन्हा, रागिनी लहेरी, कविता राज, कामाख्या गिरी, मनोज मौर्या, मोतीलाल उपाध्याय, संगीता सेठ, दिलीप वर्मा, राजेश पोद्दार, जाकिर हुसैन, उषा कुमारी, तनुजा सहाय, कुसुम सिन्हा, प्रकाश दास, विवेश जालान, दारा हाजरा, हरमिंदर सिंह बग्गा, मनोहर यादव, प्रकाश यादव, सावित्री भारती, पूनम प्रकाश, देव राज, दिनेश महतो, सुभाष वर्मा, राजेन्द्र राम, मनोहर राम, इनोद साव, गंगाधर दास, आकाश सिंह, सिंकू सिन्हा, प्रड्यूमन वर्मा, विकास मंडल, राजेश जयसवाल, महेश राम, हरिहर मंडल, अजय सिंह, अरविंद बर्णवाल समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भारत ज्ञान विज्ञान समिती और यूनिसेफ ने आयोजित किया एक दिवसीय कार्यशाला





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह जिला अंतर्गत जमुआ प्रखंड में भारत ज्ञान विज्ञान समिति के द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से फिर स्कूल चलो अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज 29 जून 2022 को BRC जमुआ में किया गया । जिसमें जमुआ प्रखंड के सात पंचायत बेरहाबाद, कारोडीह, चित्तरडीह, बलगो, धर्मपुर, मेढोचपरखो और लताकी के शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य महासचिव श्री विश्वनाथ सिंह, SRP डीएमडी अलगुंदिया, जिला समन्वयक योगेंद्र कुमार गुप्ता प्रखंड समन्वयक राम प्रसाद राना ने अपना विचार रखा। इस कार्यशाला में आज 50 शिक्षकों ने प्रशिक्षण लिया। जबकि इस के पूर्व 27- 28 जून को गिरीडीह प्रखंड के आठ पंचायत के 50- 50 शिक्षकों ने जागो फाउंडेशन धनयडीह में प्रशिक्षण लिया जिसमें राष्ट्रीय महासचिव डॉ काशीनाथ चटर्जी, गणितज्ञ प्रोफेसर डॉ डी . के. सेन , रवि सिंह ,राज्यमहासचिव श्री विश्वनाथ सिंह उपस्थित रहे । राष्ट्रीय महासचिव ने बीजीवीएस का संक्षिप्त परिचय देते हुए कहा कि कोविड काल के दौरान शिक्षा में आई गिरावट को दूर करने के लिए आप शिक्षकों के साथ मिलकर ज्ञान विज्ञान समिति के लोग हर सम्भव प्रयास करेंगे । फिर स्कूल चलो अभियान में भारत ज्ञान विज्ञान समिति के लोग हमेशा साथ देंगे। नई शिक्षा नीति गरीब बच्चों के हित में नहीं है। इसका अध्ययन सभी शिक्षकों को करना चाहिए। प्रख्यात लेखक राधेश्याम मंगोलपुरी ने भी कार्यशाला को संबोधित किया । राज्यमहासचिव श्री विश्वनाथ सिंह ने ज्ञान विज्ञान समिति के द्वारा खेत खलिहान में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार रखा। जब विद्यालय बंद था तो सामुदायिक शिक्षणकेन्द्र की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका रही । प्रशिक्षक मुरलीधर यादव आनंदायी शिक्षा के कई टिप्स बताए बिहार से आए प्रशिक्षक शिव शंकर झा ने बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को बहुत ही बारीकी से बताया अक्षर चित्र की विस्तृत जानकारी के अलावे कागज से कई तरह के फूल और अन्य खिलौने बनाने के भी टिप्स बताए। कार्यशाला में तय हुआ कि बच्चों की शतप्रतिशत उप.स्थिति हो, ठहराव हो , शिक्षा में गुणात्मक सुधार हो और प्रबंधन समिति सशक्त हो , इसके साथ ही कार्यशाला में सामिल शिक्षकों ने ज्ञान विज्ञान समिति के सामुदायिक शिक्षण केंद्र की गतिविधियों को देखते हुए कहा की इससे हमे कोविड के बाद स्कूल खुलने पर बच्चों की शिक्षा एवं उपस्थिति में काफी सहयोग मिल रहा है । यदि सामुदायिक शिक्षा केंद्र का संचालन विद्यालय अवधि के दौरान विद्यालय में ही संचालित किया जाए तो हम सब मिल कर बेहतर शैक्षणिक माहौल बना सकते है । शिक्षकों की बात से सहमति जताते हुए ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य महासचिव सह फिर स्कूल चलो अभियान के राज्य समन्वयक विश्वनाथ सिंह ने कहा की हमारे सोशल मोबुलाइजर विद्यालय से दूर बच्चों का नामांकन भी करवाएंगे तथा विद्यालय समाय अवधि में गतिविधि आधारित शिक्षण को कक्षा अनुरूप संचालित करेंगे , साथ ही साथ विद्यालय समुदाय , शिक्षक , अविभावक के साथ बैठकों के आयोजन में भी सहयोग करेंगे । इसके लिए समुदाय के साथ बैठक, जनप्रतिनिधियों के साथ वार्ता कर ठोस पहल करने हेतु ज्ञान विज्ञान समिति के लोग तत्पर रहेंगे। कार्यशाला को सफल बनाने में राज्यसचिव भोलानाथ राम, योगेंद्र कुमार गुप्ता, रामप्रसाद राणा , अनिल कुमार कुशवाहा, प्रभात कुमार हाजरा व जमुआ प्रखंड के सचिव दिवस कुमार की भूमिका अहम रही । कार्यशाला का संच.ालन SRP डीएमडी अलगुंदिया ने किया ।धन्यवाद ज्ञापन दिवस कुमार द्वारा किया गया ।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक डीसी की अध्यक्षता में संपन्न






**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

28जून मंगलवार को नया समाहरणालय भवन गिरीडीह के सभागार कक्ष में उपायुक्त गिरिडीह नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एलडीएम गिरिडीह के द्वारा बैठक में निम्नलिखित जानकारी दी गई– 1–वित्तीय वर्ष 2021–22की चतुर्थ तिमाही के अंत तक कुल एसीपी की उपलब्धता 86.48है। 2–बैंको के जमा शाख अनुपात 34.99ः है। 3–मार्च 2022तक बैंको द्वारा 38211किसानों को लगभग 193.73करोड़ का केसीसी ऋण उपल्ब्ध कराए गए हैं। 4–कुल 7364आवेदनों के विरुद्ध 4886एसएचजी खातों का क्रेडिट लिंकेज किया गया है। 5–पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत 92लक्ष्य के विरुद्ध विभिन्न बैंको द्वारा 110आवेदनों को स्वीकृत किया गया है। 6–कुल 137119लाभुकों को कुल 569.94करोड़ ऋण उपल्ब्ध कराया गया है। 7–एसईपीआई के तहत 74सलक्ष्य के विरुद्ध 83ऋण की स्वीकृति हुई है, एसईपीजी के तहत एक एक लक्ष्य के विरुद्ध कोई स्वीकृति नहीं हुई है एवं एसएचजी समूह के 38लक्ष्य के विरुद्ध 53खातों का क्रेडिट लिंकेज किया गया है 8–स्टैंड अप इंडिया के तहत 110लाभुकों को 20.55करोड़ का ऋण उपल्ब्ध करवाया जा चुका है। 9–कुल 2970के लक्ष्य के विरुद्ध में 2738लाभुकों तक ऋण उपल्ब्ध करवाया गया है। 10–कुल 58कैंपों द्वारा लगभग 1310लोगों को सामाजिक सुरक्षा के तहत विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई है। 11–जिले में कुल एनपीए 262.93करोड़ है जो जिले के कुल एडवांस 2952.22करोड़ का लगभग 8.91ःहै। 12–आरसेटी द्वारा 20प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से 570उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिए जानें के लक्ष्य के विरुद्ध 20प्रशिक्षण द्वारा 571प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। 13–जेएसएलपीएस लिंकेज 1092हुए है, विभिन्न लिंकेज लंबित है, अकाउंट ओपनिंग एसएचजी के 82आवेदन विभिन्न बैंको से लंबित है। ग्राम संगठन के 13आवदेन खाता खोलने हेतु विभिन्न बैंको में लंबित है। बैठक के दौरान गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा निर्देश दिया गया की सभी विभाग के आधिकारी सभी योजनाओं में तेजी लाएं।

## जुगरा में एनटीपीसी के द्वारा निः शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड के ग्राम जुगारा आंबेडकर आश्रम में बुधवार को एनटीपीसी के द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया । जिसमे गांव के सैंकड़ों जरूरत लोग शिविर में आ कर ड्रॉक्टर से ईलाज करवाए । साथ ही तुरंत निरूशुल्क दवा मरीजों को दिया गया । पंचायत समिति सदस्य कृष्ण राम ने महा प्राबंधक से अनुरोध किया है कि हमारे क्षेत्र में विशेष सुविधा देने एवं महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण सेंटर खोलने का मांग किया है । चिकित्सक ड्रॉ सोनिया ने कहा कि आप लोग मोसमी बीमारियों से बचिए खान पान पर ध्यान दीजिए और अपने सेहद पर खयाल खरीये । आगे देव राज आनंद ने कहा कि महारत्न एनटीपीसी कंपनी आप्लोगो के साथ हमेशा है । इस चिकित्सा शिविर में सहयोगी श्री देव राज आनंद,सीनियर मैनेजर,आर एंड आर, पारा मेडिकल स्टूझफ बीरेंद्र राम, मो अशरफ, विलेज मोनलाइजर फुलाशो कुमारी,के अलावा सहयोगी करने में गांव के प्रदीप राम,अशोक तुरी वार्ड सदस्य, संजय कुमार, सुरेश रविदास, दशरथ रविदास, भुनेश्वर प्रजापति, चिरंजीवी शेखर, प्रेमनाथ, अमरजीत रविदास, राम विलास साव, सुधीर कुमार व दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## रथ यात्रा को लेकर बड़कागांव में कमेटी का गठन किया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव में रथ यात्रा की सफल संचालन को लेकर राम जानकी मंदिर गुरुचट्टी में बैठक आहूत की गई, जिसकी अध्यक्षता जय शंकर मेहता एवं संचालन धनेश्वर महतो ने किया। रथ यात्रा को सफल बनाने के लिए कमेटी गठित की गई जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष शिव शंकर मेहता, सचिव पिंटू गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष संतोष ठाकुर को बनाया गया। वहीं, उपाध्यक्ष अनिल कुमार, उपसचिव सूरज कुमार, उप कोषाध्यक्ष अवध किशोर, मनोरंजन मंत्री सत्यजीत, संरक्षक दामोदर प्रसाद मेहता, सह संरक्षक झमन प्रसाद, जय शंकर मेहता, सहेश कुमार, डॉक्टर धनेश्वर एवं मीडिया प्रभारी रितेश ठाकुर को बनाया गया। इसके अलावा सदस्य के रूप में देवेंद्र कुमार, अजय कुमार, शैलेंद्र कुमार, संदीप कुमार, विशेश्वर कुमार, रामचंद्र महतो, सोहन कुमार, मुकेश कुमार, अनिल प्रसाद दांगी, हुलास प्रसाद दांगी, अरविंद कुमार, हरीनाथ राम, प्रीतम ठाकुर, रविंद्र श्रीवास्तव, साउंड प्रभारी पवन कुमार, दिनेश कुमार, धनेश्वर महतो, मेवालाल नाग, पुजारी चिंतामणि महतो, रोशन जयसवाल, प्रसाद प्रभारी संजीत महतो, उत्तम महतो और लीला महतो को बनाया गया।

## विवादित जमीनी को लेकर बिरनी पुलिस पहुची तो मुखिया प्रतिनिधि ने मामले को सुलझाने का आश्वासन दिया

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी थाना क्षेत्र के बलगो पंचायत अंतर्गत पूर्वी बलगो गांव निवासी ज़ाकिर अंसारी एवं हजरत अंसारी के बीच काफी समय से हो रहे जमीनी विवाद को लेकर बिरनी थाना के एस आई गंदूर उरांव विवादित जमीन पर पंहुचे ।इस खबर की सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि दीपक कुमार दास पूर्वी जिला परिषद् रामधनी वर्मा विवादित जमीन पर पहुच कर दोनो पक्ष से सारे जानकारी लिया,मुखिया प्रतिनिधि दीपक कुमार दास ने मामले को पड़ताल करते हुए आश्वासन दिए ।जिसमें दोनों पक्ष को तिथि तय कर उचित न्याय दिलाने का काम किया जाएगा। इस बीच दोनों पक्ष शांति व्यवस्था कायम कर रहने का काम करेंगे। इस बीच जिला परिषद रामधनी वर्मा दोनों पक्ष को समझाते हुए समझौता करवाने की बात कहें। मौके पर उपस्थित थे बल्गो पंचायत के उप मुखिया प्रतिनिधि मुस्तकीम अंसारी वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा अर्जुन मंडल राजकुमार वर्मा एवं ग्रामीण।

## अवैध कोयला समेत पांच कोयला तस्कर गिरफ्तार

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ पुलिस ने बुधवार को अवैध कोयला कारोबारियों के खिलाफ सघन छापामारी अभियान चलाया। पुलिस की इस कार्रवाई में पांच कोयला तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा कोयला ढ़ोने में प्रयुक्त सात मोटरसाइकिल समेत लगभग तीन टन कोयला भी पुलिस ने जब्त किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में थाना क्षेत्र अंतर्गत नरकी निवासी बबलू रविदास पिता जादो रविदास, करोंज मोड़ निवासी पवन स्वर्णकार पिता राम प्रसाद स्वर्णकार, खरकी निवासी सीताराम महतो पिता सोमर महतो, गिरिडीह जिला के राजधनवार निवासी जितेंद्र कुमार पिता अजय साव तथा बोकारो जिला के कर्माटांड़ निवासी विजय मल्हार पिता बालक मल्हार शामिल हैं। पुलिस ने गिरफ्तार सभी आरोपियों पर सुसंगत धाराओं के तहत केस दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## बड़कागांव कर्णपुरा महाविद्यालय में हूल दिवस मनाई गई

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वधान में हुल दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव टुकेश्वर प्रसाद ने कहा कि मालगुजारी नगदी देनी पड़ती थी। संथाल लोग ऋण लेते थे जो मूल ऋण का 50ः से 500ः तक हुआ करता था ।ऋण की अदायगी नहीं करने पर सूबेदार महाजन उनके मवेशियों को खोल ले जाते थे। खेत खलियान के ऊपर कब्जा कर लेते थे। इससे भी खराब बात यह है कि वे उनकी स्त्री की इज्जत लूट लेते थे। प्राचार्य कृतिनाथ महतो ने कहा कि जमींदारों और महाजनों के खिलाफ संथालों ने पुलिस एवं न्यायालय की शरण लेने की कोशिश की लेकिन सब व्यर्थ साबित हुआ। क्योंकि यह ब्रिटिश साम्राज्यवाद के शोषण के ही एक भाग था इसलिए संस्थालो को पुलिस से और मुश्किलों को बढ़ा देता था। जिससे अंग्रेजी सरकार के खिलाफ हो गया कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदा. धिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो ने किया। उन्होंने कहा कि संथाल का विद्रोह 1855 से 1856 ईस्वी में हुई हुल शब्द का शाब्दिक अर्थ विद्रोह या बगावत होता है। विद्रोह करते समय यह लोग हुल हुल चिल्लाते थे इसलिए इस विद्रोह का नाम हुल विद्रोह पड़ा । प्रोफ़ेसर ललिता कुमारी के शब्दों में सिद्धू और कान्हु लगभग 60000 संथाली एकत्र हो गए उनसे कहा गया कि जब ढोल बजे तो हथियार उठा लेना एक महीने में यह आंदोलन और भयंकर रूप धारण कर लिया। हजारीबाग में अर्जुन मांझी,लुबाई मांझी एवं भैरोव मांझी विद्रोह का नेतृत्व किया, विद्रोहियों ने जमींदारों महाजनों पर हमला करना शुरू कर दिया। मौके पर उपस्थित प्रो. निरंजन प्रसाद नीरज प्रो.मोहम्मद फ़जरुदीन, प्रो. राम किशोर दांगी, नागेश्वर महतो ,प्रो.पवन कुमार एवं सचिन कुमार दास, सिकंदर राम, मनोज कुमार,गौतम चौधरी, मुस्कान कुमारी, ललिता कुमारी, मनिका कुमारी,अंगिरा कुमारी, दीपिका कुमारी, निशांत गिरी, नीतू कुमारी, अफसाना परवीन, बबलू कुमार ,एवं अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित थे।







हमारे यहां उचित मूल्य पर समान मिलता है।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बेंगाबाद थाना क्षेत्र में हुई पिछ्ले दिनों छिनतई की घटना का हुआ उद्भेदन





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह ज़िला अन्तर्गत बेंगाबाद थाना क्षेत्र में पिछ्ले दिनों 27जून को दिनदहाड़े 11.15बजे भारत फाइनेंशियल इंनबलूजन लिमिटेड के गिरिडीह शाखा प्रबंधक अमित कुमार सिंह बुचा नावाडीह बस्ती से ग्रुप लोन का किस्त का पैसा 36885.00रुपया कले. क्शन कर वापस गिरिडीह के लिए लौटने के क्रम में जैसे ही नाला ढलान के पास अपनी बाइक से पहुंचे की विपरित दिशा से होंडा शाइन एसपी ब्लैक कलर बाइक पर सवार तीन अपराधियो ने आकर रोककर डरा धमकाकर कलेक्शन की गई 36885.00रुपए को डिक्की से निकाल लिया और तेजी से गांडेय की ओर भाग निकले थे। घटना के उपरांत मैनेजर ने बेंगाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। बेंगाबाद थाना में आवेदन के आधार पर कांड संख्या 152/22दिनांक27/06/2022धारा 392भादवि के तहत अज्ञात के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया। आज नया समाहरणालय भवन में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर मीडिया को जानकारी दी गई की कांड के उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के निर्देशानुसार पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम के द्वारा लगातार छापेमारी के दौरान आजाद अंसारी पिता दुखन अंसारी सकिन बंसीमी थाना अहिल्यापुर गिरिडीह को लोडेड देशी पिस्टल एवं मैगजीन सहित तीन जिंदा गोली, लूट की रकम में से 6000रुपया के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया तथा अपने अन्य सहयोगी का नाम भी बताया। पुलिस टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अन्य अभियुक्त जुनैद अंसारी और अहमद अंसारी को गिरफतार किया गया। जुनैद अंसारी को छोड़कर दोनो पकड़े गए अभियुक्त पूर्व में कई आपराधिक कांडो में संलिप्त रहे हैं। पकड़े गए अवैध आग्न्येशत्र एवं कारतूस के संबंध में बेंगाबाद थाना प्रभारी प्रदीप कुमार के लिखित प्रतिवेदन के आधार पर अहिल्यापुर थाना में अलग से कांड प्रतिवेदित कराया गया है। गिरफतार अपराधियो के पास से आइटेल कंपनी का कीपैड मोबाइल सिम लगा हुआ, एक लाल कलर की बाइक जिसका नम्बर पीबी 10डीपी8352, घटना में प्रयुक्त एक अपाची बाइक जेएच 10डीपी8352, ओप्पो कंपनी का एक मोबाइल सिम लगा हुआ और एक जियो कंपनी की कीपैड मोबाइल सिम सहित बरामद की गई है। यह भी बताया गया कि इस कांड को अंजाम देने में कुल पांच अपराधी की संलिप्तता स्वीकार किया है गिरफतार अपराधियो ने। अन्य दो अपराधियो की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## होटल मीर में कार्यशाला आयोजित

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह में आज 29जून को बाल संरक्षण एवं सुरक्षित पलायन पर अंत. रराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन गिरिडीह होटल मीर सभागार में किया गया। उक्त कार्यशाला को मुख्य अतिथि बतौर संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा ने कहा कि बच्चे को शिक्षित करना अनिवार्य है अन्यथा बाल श्रमिकों की संख्या दिनों–दिन बढ़ती जाएगी जिसका प्रतिकूल प्रभाव समाज पर पड़ेगा।सरकार बाल संरक्षण हेतु विभिन्न बोर्डो निगमों का गठन की है जिसमें मुख्य रूप से बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड,बाल संरक्षण आयोग,बाल संरक्षण सोशाइटी, चाइल्ड लाइन1098, विशेष किशोर पुलिस ईकाई हैं जिनका सहयोग आमजन लेकर एवं जन जागरूकता अभियान चला कर इस सामाजिक कुरीति को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने जागो फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कही कि इस क्षेत्र में जन जागरूकता लाने का हर संभव प्रयास कर रही है जिसका फलाफल देखने को मिल रहा है।हम जन प्रतिनिधियों को भी इसमें सहयोग करने की आवश्यकता है।

## विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने टॉवर चौक पर किया जिहादियों का पुतला दहन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह मुख्यालय के पास स्थित झंडा मैदान में आज गुरुवार शाम को विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल गिरिडीह इकाई का भारी भीड़ उमड़ पड़ा। यह भीड़ राजस्थान के उदयपुर में दिनदहाड़े कपड़े का नाप देने के बहाने से टेलर में घुसकर कन्हैया लाल का नृशंस हत्या कर देने के खिलाफ़ इकट्ठा हुआ था। विश्व हिन्दू परिषद गिरिडीह इकाई के जिला संयोजक रितेश पांडेय ने कहा कि जे. हादियों ने हत्या के 15दिनो पूर्व धमकी भरा वीडियो सा. शल मीडिया पर डाला था मगर वहां के स्थानीय पुलीस प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया जिसके कारण एक टेलर मास्टर को जेहादियों का शिकार होना पड़ा। जेहादियों ने हत्या करते समय भी वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर डाला। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने भले ही त्वरित कार्रवाई करते हुए जेहादियों को गिरफतार कर लिया मगर जांच पड़ताल की क्यों बात कही जा रही है जबकि सोशल मीडिया में डाली गई पोस्ट में दोनो जे. हादी सरेआम गुनाह कबूल करते हुए दिख रहे हैं। हम राजस्थान सरकार और भारत सरकार से मांग करते हैं कि अविलंब गिरफतार दोनो जेहादियों को फांसी दी जाय। आज झंड़ा मैदान से जुलूस निकाला गया और जेहादियों का स्टेचू लेकर जे. हादियों के खिलाफ़ नारेबाजी करते हुए ट०वर चौक पर जेहादियों का पुतला दहन किया गया। झंडा मैदान से लेकर ट०वर चौक तक चप्पे चप्पे पर गिरिडीह पुलिस और आईआरबी जवान तैनात थे। नगर थाना प्रभारी आरएन चौधरी, डीएसपी वन संजय कुमार राणा, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, एसडीएम विशाल द्वीप खलको किसी भी स्थिती से निपटने के लिए तैनात थे। आज के इस कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के सह संयोजक सुरेश रजक, गौ रक्षा प्रमुख रविशंकर पांडेय, गौ रक्षा सह प्रमुख राम बाबूजी, जिला मिलन केंद इश्वर पंडित, विहिप जिला मंत्री निरंजन कुमार, नगर अध्यक्ष रविन्द्र स्वर्णकार, नगर उपाध्यक्ष कुन्दन केशरी नगर संयोजक सीताराम सहित सैकडों लोग शमिल थे।

## जिला सड़क सुरक्षा समिती की बैठक गिरिडीह उपायुक्त की अध्यक्षता में संपन्न






**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

29जून बुधवार को नया समाहरणालय भवन पपरवाटांड़, गिरिडीह के सभागार में उपायुक्त गिरिडीह नमन प्रियेश लकड़ा के अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में गिरिडीह जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया की गिरिडीह नगर निगम के द्वारा नगर के फुटपाथ सब्जी/फल आदि विक्रेताओं के द्वारा अतिक्रमित मुख्य क्षेत्र टावर चौक, काली बाड़ी चौक, बड़ा चौक से गांधी चौक, टावर चौक से मधुवन वेजीस रेस्टुरेंट तक है। उपरोक्त स्थानों पर से अतिक्रमण हटाने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा हैतथा इन्हें नगर निगम गिरिडीह द्वारा चिन्हित स्थलों पर निर्मित मंडी (वेडिंग जोन) में शिफ्ट करने की कार्यवाही की जा रही है। नगर निगम द्वारा चिन्हित स्थान है बस स्टैंड, अग्निशमन कार्यालय के समीप, बभन टोली पानी टंकी के समीप, हुट्टी बा. जार। इस कार्य में नगर निगम के कर्मियों, पुलिस प्रशासन तथा जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा संयुक्त आभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय समय पर वाहन चालकों हेतु जिले में मुख्य स्थानों पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जा रहा है। डीआरएसआईयू (डिस्ट्रिक्ट रोड सेफ्टी इंप्लीमेंसन यूनिट) के द्वारा माह मई 2022में तीन विद्यालयों में तथा जून माह में 10विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया गया है। माह मई 2022में गिरिडीह जिला अंतर्गत कुल 32रोड दुर्घटनाएं हुई है। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए हेलमेट, ट्रिपल लोड, ओवर स्पीडिंग एवं ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध जिला परिवहन पदाधिकारी एवं पुलीस प्रशासन के द्वारा संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। माह मई 2022में बिना हेलमेट के कुल 34एवं ट्रिपल लोड से संबंधित 01मामले में जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा चालान किया गया है एवं डीएसपी वन संजय कुमार राणा के द्वारा बताया गया कि माह जून में विभिन्न कारणों से वाहनों से 10लाख रुपए जुर्माना वसूली गई है। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा माह जनवरीमई 2022में कुल 75एवं पुलिस विभाग द्वारा कुल 124वाहनों को विभिन्न कारणों से निलंबित कर दिया गया है। आ. ईआरएडी (इंटीग्रेटेड रोड ऐक्सिडेंट डाटा बेस) के तहत चार विभागों द्वारा दुर्घटनाओं का पोर्टल पे इंट्री हो रहा है। सिविल सर्जन, जिला परिवहन, पुलीस थाना में लगातर इसमें इंट्री की जा रही है। पथ प्रमंडल गिरिडीह द्वारा जिले के गिरिडीह जमुआ रोड एवं अहिल्यापुर डाक बंगला रोड के किनारे रोड मैपिंग, साइनेज, नाइट रिफलेक्टर, स्कूल/अस्पतल के सामने जेब्रा क्र०सिंग इत्यादि बनाने का काम किया जा रहा है। हिट एंड रन के मामलों में आश्रितों को मुआवजा दिलाने हेतु जनव. रीअप्रैल 2022में कुल 19मामलों एवं मई माह में 06में से 01मामले का निष्पादन किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से गिरिडीह जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलीस उपाधीक्षक मुख्यालय वन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, ट्रेफिक इंस्पेक्टर एवं सड़क सुरक्षा समिती के पदाधिकारी मौजूद थे।

## गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र के हरेक वार्ड में रोड की हालत जर्जर, भाकपा माले ने लिया संज्ञान

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड का नजारा कमोबेश एक ही है। रोड हो या गली गंदगी का ढेर नज़र आना लाजमी है। नाली हो या नली गंदगी के कारण और साफ सफाई के अभाव में जाम पड़े हुए हैं। रोड निमार्ण कार्य में इतनी ज्यादा घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है कि एक साल भी नहीं टिकता है और जगह जगह गड्ढे बन गए हैं। पानी की समस्या भी सुरसा की तरह हमेशा मुंह बाए खड़ी रहती है। गिरिडीह में भाकपा माले ही एक मात्र राजनीतिक दल है जो जन समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरती है और जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर समस्या का समाधान करवाती है इसी क्रम में भाकपा माले नेता ताज़ हसन की अगुवाई में आज वार्ड नम्बर 34 के कुछ हिस्से में आम जनता की शिकायत पर अम्बाटांड़ आदि जगहों में घुमा और जायजा लिया।ताज़ हसन ने बताया कि एक साल पहले वार्ड नंबर 34में रोड बना था जो कि पानी निकासी की व्यवस्था नही होने के कारण बरसात में तालाब के जैसा हो गया है। रोड पर गड्ढा दिखने लगा है। आए दिन एक जन प्रतिनिधि योजना का उद्घाटन कर के उसी रास्ते से चले गए मगर टूटी हुई रोड नज़र नही आई। एक तो सिंगल रोड बना है जिसमे रोड के किनारे मिट्टी भी नहीं दी गई है। सबसे बड़ी बात है कि कोई बोलने वाला नहीं मिला रोड का निमार्ण कार्य के वक्त जिसके कारण संवेदक द्वारा जैसे तैसे रोड बनाकर सारी राशि हड़प कर लिया।लोकतंत्र में जनता जन प्रतिनिधि और सरकारी सिस्टम के खिलाफ आवाज उठाना छोड़ रही है,जो अच्छा संकेत नही है।
स्थानीय लोगो ने कहा कि इसी अम्बाटांड़ में एक तालाब का निर्माण हुआ है,गड्ढा कम किया गया है,मिट्टी जो निकला बेच दिया गया है,मुफ़्फ़सील क्षेत्र में पुलिस के स्पाई ही उधर का रिपोर्ट सही गलत का देते है,उनका रोल उस एरिया में सरकारी लूट के खिलाफ नहीं होता इसलिए, आम जनता को भ्रष्टाचार, लूट खशोट और अन्याय के खिलाफ़ आगे आने की जरूरत है, तभी गरीबों को लूटने वाले, घटिया रोड बनाने वाले, योजना के नाम पर अफसरों से मिलकर खानापूर्ति करने वाले, मजदूरों के जगह मशीनों का प्रयोग करने वाले, राशन डीलर जो जनता की राशन गबन कर लेते हैं और सीधीसाधी जनता से उल्टापुल्टा समझाकर मशीन में अंगूठा लगवा कर अनाज न देने वाले पर पाबंदी लगाई जा सकती है। भाकपा माले हमेशा जनता के साथ है जनता भाकपा माले के साथ मिलकर उन लुटेरों, भ्रष्टाचारियों के खिलाफ़ लड़ाई में साथ दें। मुंह खोलो हल्ला बोलो भाकपा माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी क०मरेड राजेश सिन्हा ने कहा कि गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत हरेक वार्ड में कमोवेश यही हाल है,जनता आक्रोशित है किंतु आंदोलन के लिए प्रेरित नहीं होते है।हरेक वार्ड के अलावे गिरिडीह विधानसभा में माले का संगठन बन गया है। अब भाकपा माले नेता और प्रतिनिधि मंडल गठित भाकपा माले संगठन के माध्यम से लगातार जनसमस्याओं के खिलाफ़ आवाज उठाएगी।

APEM LIVE